भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 06.12.2022

आरेडिका में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन।

आज दिनांक 06.12.2022 को आरेडिका रायबरेली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी द्वारा माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई ।

पीसीएमई महोदय, ने अपने संबोधन में कहा कि, डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन विशाल एवं विराट था। बाबा साहब समाज सुधारक,जातिवाद उन्मूलक, राष्ट्र नायक थे। वे मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होने देश का संविधान निर्मित कर लोगों को स्वतंत्रता, समानता, और बन्धुता के साथ गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया, आगे अपने संबोधन में उन्होने कहा कि उनके आदर्शों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

श्री देवनाथ निर्मल, श्री ओमप्रकाश के द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन उनके संघर्षो योगदान, और बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री संजय कटियार, पीसीएमएम एनडी राव, पीसीपीओ श्री अमरनाथ दूबे, एससी/एसटी एसोसिएसन एवं अन्य एसोसिएसनों व यूनियनों के पदाधिकारीगण सहित अन्य उच्च अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

06/12/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी